भारतीय सर्वेक्षण विभाग

भारतीय सर्वेक्षण विभाग

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग)

SURVEY OF INDIA

(Dept. of Science & Technology)

वार्षिक रिपोर्ट

2014 -15

Annual Report

भारतीय सर्वेक्षण विभाग

SURVEY OF INDIA

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग)

(DEPARTMENT OF SCIENCE

& TECHNOLOGY)

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2014 - 2015

भारत के महासर्वेक्षक के आदेश से प्रकाशित

PUBLISHED BY THE ORDER OF THE SURVEYOR GENERAL OF INDIA

संरक्षक
डॉ0 स्वर्ण सुब्बा राव
भारत के महासर्वेक्षक

सलाहकार
श्री आर0 के0 मीणा
उप महासर्वेक्षक (तकनीकी)

मुख्य संपादक
श्री पंकज मिश्रा
उप निदेशक

सम्पादकीय और अभिकल्पना (रुपांकन) सहायक
श्री सुनील कुमार मेहता
अधिकारी सर्वेक्षक

डेटा संग्रहण और तैयारी
श्री विनायक बिष्ट
सर्वेक्षण सहायक

डॉ स्वर्ण सुव्वा राव
भारत के महासर्वेक्षक

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
महासर्वेक्षक का कार्यालय,
हाथीबड़कला एस्टेट, पोस्ट बाक्स नं0 37,
देहरादून– 248001 (उत्तराखण्ड), भारत

प्राक्कथन

सन् 1767 में स्थापित भारतीय सर्वेक्षण विभाग सरकार का सबसे पुरातन विभाग है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने ही सर्वप्रथम इन निर्जन भू भागों का पता लगाया और दूसरे लोगों ने उनका अनुसरण करते हुए इन क्षेत्रों में नवनिर्माण किया । वे घन जंगलों, रेगिस्तान और ऊंचे बर्फीले पर्वतों पर गए तथा वास्तव में वे लोग ही निर्जन विशुद्ध विरान क्षेत्रों में सबसे पहले पहुंचे । वहां उन्होंने सावधानीपूर्वक निष्ठा तथा परिश्रम से विकास, रक्षा और प्रशासन के लिए आवश्यक मानचित्रों को बनाने का कार्य किया । भारत राष्ट्र के निर्माण के आरम्भ में स्थालाकृतिक मानचित्रों ने अमूल्य भूमिका निभाई है तथा आधुनिक भारत के लगभग सभी प्रमुख विकासात्मक क्रियाकलापों की नींव रखने मे केन्द्र बिन्दु बना रहा है ।

प्रायद्वीपीय भारत की स्थलाकृति में विविधता है जिसमें विश्व के सर्वोच्च पर्वतों की हिमाच्छादित हिमालय श्रृंखला से लेकर गंगा के समृद्ध और उपजाऊ मैदान, वृहत् तरंगित क्षेत्र, घने जंगल, मरुस्थल शक्तिशाली नदियां, दलदल और लंबी तटरेखा शामिल है। स्वतंत्र भारत का क्षेत्रफल (3.28 मिलियन वर्ग कि0मी0) अधिकांशतः हिमालय के पार स्थित प्रवासियों के वंशजों द्वारा बसा हुआ है तथा आज यहां पर विभिन्न प्रजातियों, संस्कृतियों, भाषाओं तथा धर्मों का समावेशन है ।

भारत में सर्वेक्षण का प्रारंभिक इतिहास ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा विजयी क्षेत्रों के विस्तारण के अनुसरण के अनुरुप है । सौभाग्यवश भारत में अधिक से अधिक क्षेत्रों की खोज, उनका विस्तार तथा उनपर विजय प्राप्त करने की खोज ने एक नियमित सरकारी सर्वेक्षण संगठन की स्थापना के लिए प्रेरित किया तथा भारत विश्व में ऐसा करने तथा क्रमबद्ध वैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रारंभ करने वाला प्रारंभिक देश बन गया है।

ईस्ट इंडिया कपंनी की सेना के अग्रदूतों तथा सर्वेक्षकों द्वारा अज्ञात भू–भागों को खोजने का कठिन कार्य किया गया । भारतीय भू–भाग के छोटे–छोटे भागों के चित्रण का कार्य प्रतिष्ठित सर्वेक्षकों की पंक्ति के सर्वेक्षकों जैसे– कर्नल लैंबटन और सर जार्ज एवरेस्ट के श्रम साध्य प्रयासों द्वारा पूरा किया गया। देश के वैज्ञानिक सर्वेक्षण तथा मानचित्रण की नींव इन प्रसिद्ध सर्वेक्षकों द्वारा 19वीं शताब्दी में वृहत् त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण (जी0टी0एस0) द्वारा रखी गई ।

स्वतंत्रता के पश्चात् संपूर्ण देश में विकास की लहर आई जो आज तक कायम है। आर्थिक विकास नियोजन के साथ वैज्ञानिक नियोजन और उसके निष्पादन के लिए कई योजनाओं में सर्वेक्षण डाटा की आवश्यकता होने लगी। भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने अपनी अधिकतर क्षमताओं को विकासात्मक परियोजनाओं में लगाया जिससे फलस्वरूप स्थलाकृतिक सर्वेक्षण को सामान्य स्थलाकृतिक सर्वेक्षणों को अधिक महत्व न देते हुए अपनी क्षमता को विकासात्मक परियोजनाओं की ओर लगाना होगा । सामान्य स्थलाकृतिक कार्यों की तुलना में भारतीय सर्वेक्षण विभाग को अपनी अधिकांश क्षमता को विकासात्मक परियोजनाओं में लगाना पड़ता था ।

ज्योडीय, स्थलाकृतिक के अलावा भारतीय सर्वेक्षण विभाग देश में सभी विकासात्मक परियोजनाओं की सर्वेक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है । विभिन्न केन्द्रीय / राज्य सरकार की एजेंसियों, केन्द्र/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य संगठनों के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा छोटे/मध्यम/ बड़ी परियोजनाओं के लिए विभिन्न विकासात्मक सर्वेक्षण और मानचित्रण कार्य किए गए ।

विभाग ने अजेय हिमालय, तपते रेगिस्तान, भयानक बिमारियों और जंगली जानवरों से भरे जंगलों से सर्वेक्षण की चुनौतियों का सामना किया है । विभाग ने आधुनिक तकनीकी का भली भांति अपनाकर मानचित्रण और भौगोलिक सूचना पद्धति के युग में सफलता पूर्वक पदार्पण किया है ।

वर्तमान में भारतीय सर्वेक्षण विभाग को 08 जोनों, 23 भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों/क्षेत्रीय निदेशालयों, 06 विशिष्ट निदेशालयों और 29 राज्यों तथा 09 स्वायत्तशासी क्षेत्रों को समाहित करते हुए 01 प्रशिक्षण निदेशालय में संगठित किया गया है । विभाग में कार्मिकों की मानव शक्ति संख्या 5500 है। प्रत्येक जोन कार्यालय के अधीन कुछ क्षेत्रीय निदेशालय कार्यरत है, प्रत्येक क्षेत्रीय निदेशालय उस राज्य या छोटे राज्यों के ग्रुप की सभी स्थलाकृतिक और विकासात्मक सर्वेक्षण और मानचित्रण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी है ।

ज्योडीय एवं अनुसंधान शाखा, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा निदेशालय, भौगोलिक सूचना पद्धति और सुदूर संवेदन निदेशालय, राष्ट्रीय भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, अंकीय मानचित्रण केन्द्र और मानचित्र अभिलेख और प्रसार केन्द्र, विशिष्ट निदेशालय है । प्रशिक्षण निदेशालय अर्थात भारतीय सर्वेक्षण एवं मानचित्रण संस्थान (आई०आई०एस०एम०) में फोटोग्रामिति, ज्योडेसी, मानचित्रकला और भौगोलिक सूचना पद्धति में प्रारम्भिक पुनश्चर्या, विशिष्ट और प्रगत पाठयक्रम चलाए जा रहे हैं ।

राष्ट्रीय मानचित्रण नीति (एन0एम0पी0 2005) ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग को राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटाबेस (एनटीडीबी) तैयार करने तथा मानचित्र की दोहरी सीरीज यथा – डी0एस0एम0 (रक्षा सीरीज मानचित्र) रक्षा सेनाओं की आवश्यकता के लिए तथा ओ0एस0एम0 (ओपन सीरीज मानचित्र) अन्य सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा है ।

मैं श्री आर0 के0 मीना, उप महासर्वेक्षक (तकनीकी), श्री पंकज मिश्रा, तकनीकी सचिव, श्री सुनील कुमार मेहता, अधिकारी सर्वेक्षक एवं श्री विनायक बिष्ट, सर्वेक्षण सहायक के प्रयासों की सराहना करता हूँ। जिन्होने वर्ष 2014–15 की वार्षिक रिपोर्ट, जो कि इस दौरान विभाग की उपलब्धियों का विहंगम दृश्य प्रदान करता है तैयार की है। इसके अतिरिक्त में श्री धूम सिंह, सहायक निदेशक (रा0भा0) तथा उनकी टीम द्वारा किये गये अनुवाद कार्य की भी सराहना करता हूँ।

डॉ0 स्वर्ण सुब्बा राव
भारत के महासर्वेक्षक

विषय सूची		
क्रम सं.	**शीर्षक**	**पृष्ठ सं.**
1.	प्रस्तावना	1
2.	कर्तव्यों का घोषणा पत्र	1
3.	राष्ट्रीय मानचित्रण नीति	3
4.	राष्ट्रीय डाटा शेयरिंग एक्सेसबिल्टी नीति	4
5.	नागरिक घोषणापत्र	5
6.	अन्तरराष्ट्रीय सीमाएं	6
7.	भारतीय सर्वेक्षण विभाग के तकनीकी क्रियाकलाप	8
7.1	स्थलाकृतिक सर्वेक्षण एवं मानचित्रण	8
7.2	हवाई फोटोग्राफी	8
7.3	अंकीय मानचित्रकला	9
7.4	ज्योडीय एवं भू–भौतिकीय	10
7.5	महत्वपूर्ण परियोजनाएं	11
7.6	विशेष सर्वेक्षण परियोजनाएं	14
8	मुद्रण की स्थिति	15
9.	सहयोगात्मक वैज्ञानिक क्रियाकलाप	15
10.	अनुसंधान एवं विकास	15
11.	सम्मेलन/संगोष्ठियां/बैठकें	16
12.	तकनीकी लेख	19
13.	विदेश यात्राएं	20
14.	भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कार्यालयों में दौरा/भ्रमण	21
15.	सांस्कृतिक और शैक्षिक क्रियाकलाप	23
16.	सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग	24
17.	संगठन	27
18.	व्यय	28
19.	मानवशक्ति	29
20.	शैक्षणिक और क्षमता निर्माण	30
21.	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व	33
22.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अशक्त व्यक्ति	34
	चार्ट	
	भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कार्यालयों की अवस्थिति	
	1:25,000 स्थलाकृतिक मानचित्रों की स्थिति	
	1:50,000, 1:250,000 स्थलाकृतिक मानचित्रों और 1:1 मिलियन आई.एम.डब्ल्यू. और डब्ल्यू.ए.सी. (आई.सी.ए.ओ.) की स्थिति	

1. परिचय :

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अधीन भारतीय सर्वेक्षण विभाग राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिये अनेक प्रकार के विभिन्न पैमानों पर सम्पूर्ण भारत के स्थलाकृतिक, भौगोलिक तथा कई अन्य प्रकार के पब्लिक सीरीज मानचित्रों के उत्पादन और अनुरक्षण में कार्यरत है । इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के कार्य–संचालन नियम के ''वैज्ञानिक सर्वेक्षण'' समूह के अधीन होने के कारण विज्ञान और प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के लिये आधारिक डाटा उपलब्ध कराने के लिये इसे ज्योडीय एवं भू–भौतिकीय सर्वेक्षण, भू–कम्पनीयता एवं भूकम्प विवर्तनिक अध्ययन, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, अंटार्कटिका के भारतीय वैज्ञानिक अभियान में सहयोग, हिमनद विज्ञान कार्यक्रमों और अंकीय मानचित्रकला तथा अंकीय फोटोग्राममिति आदि से सम्बन्धित अन्य परियोजनाओं के क्षेत्र में भी व्यापक रूप से अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए कहा गया है।

2. कर्तव्यों का घोषणा पत्रः

भारतीय सर्वेक्षण विभाग (भा.स.वि.) के कर्तव्य और उत्तरदायित्व निम्नवत् हैं :–

(ए) ज्योडीय प्लान एवं ऊँचाई नियंत्रण नेटवर्क का अनुरक्षण तथा भारमितीय एवं भूचुम्बकीय नियंत्रण नेटवर्क का प्रावधान और अनुरक्षण ।

(बी) रक्षा सेनाओं सहित राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संपूर्ण देश के स्थलाकृतिक सर्वेक्षण और मानचित्रण का प्रावधान ।

(सी) पड़ोसी देशों के साथ अच्छे सम्बन्धों के उद्देश्य से म्यांमार, ईरान, श्रीलंका और ओमान की सल्तनत के पत्तनों सहित हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में 44 पत्तनों की ज्वारीय प्रागुक्तियां तथा तट रेखा और द्वीपों के साथ–साथ ज्वारीय डाटा का संग्रहण ।

(डी) भौगोलिक मानचित्रों जैसे– रेलवे मानचित्र, सड़क मानचित्र, राजनैतिक मानचित्र, भौतिक मानचित्र आदि का संकलन/मानचित्रण और उत्पादन ।

(ई) अंतरराष्ट्रीय सिविल विमानन संगठन (आई.सी.ए.ओ.) के साथ हुई वचनबद्धता के रूप में विश्व सीरीज के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र (आई.एम.डब्ल्यू.) और विश्व वैमानिक चार्ट (डब्ल्यू.ए.सी.) सीरीज को तैयार करना ।

(एफ) विकास परियोजनाओं जैसे – ऊर्जा और सिंचाई, खनिज अन्वेषण, शहरी और ग्रामीण विकास आदि के लिए सर्वेक्षण ।

(जी) वन क्षेत्रों, महानगरों का सर्वेक्षण और मानचित्रण तथा शहरों/नगरों/रुचिकर स्थलों के परिदर्शी मानचित्र तैयार करना ।

(एच) छावनी क्षेत्रों का सर्वेक्षण और मानचित्रण, भारतीय वायु सेना के लिए वैमानिक मानचित्रों/चार्टों के लिए सर्वेक्षण और मानचित्रण ।

(आई) भौगोलिक नामों का ध्वनि के आधार पर मानकीकरण करना और इस प्रयोजन के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा गठित अंतरराष्ट्रीय समिति में भाग लेना ।

(जे) भारत की बाह्य सीमा का निर्धारण और देश में प्रकाशित मानचित्रों पर इसका सही चित्रण करना। अन्तर–राज्यीय सीमाओं के निर्धारण के बारे में भी भारत सरकार को परामर्श देना।

(के) विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, केन्द्र और राज्य सरकार के अन्य विभागों के प्रशिक्षणार्थियों तथा विदेशी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना ।

(एल) ज्योडेसी, फोटोग्राममिति, मानचित्रकला और मुद्रण तकनीक आदि क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकासात्मक क्रियाकलापों का संवर्धन करना ।

(एम) संबंधित क्षेत्रों में आधुनिक प्रौद्योगिकी को आरम्भ करना और आयात प्रतिस्थापन के साधन के रुप में उपस्कर का स्वदेशीकरण । इसमें स्वदेशी यंत्रों/सामग्री का विकास करना सम्मिलित है जिससे आत्मनिर्भरता बढ़ सके और विदेशी मुद्रा भण्डार (रिजर्व) के अपक्षय में कमी लायी जा सके ।

(एन) सम्पूर्ण देश के लिए हवाई फोटोग्राफी उपलब्ध कराने में समन्वय और नियंत्रण करना।

(ओ) अनुसंधान और विकास क्रियाकलापों के संवर्धन के लिए विशिष्ट परियोजनाओं पर प्रशिक्षण संगठनों, शैक्षिक संस्थानों और वैज्ञानिक निकायों के साथ सहयोग करना ।

(पी) सर्वेक्षण और मानचित्रकला के विकास के संवर्धन और इष्टतम परिणाम के लिए नवीनतम प्रोद्योगिकी प्रारंभ करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रतिनिधित्व करना ।

(क्यू) तीसरी दुनिया के देशों जैसे – नाइजीरिया, अफगानिस्तान, केन्या, ईराक, नेपाल, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, इन्डोनेशिया, भूटान, म्यांमार और मॉरिशस आदि को सर्वेक्षण और मानचित्रकला तथा सर्वेक्षण शिक्षा के विभिन्न विषयों में तकनीकी जानकारी और विशेषज्ञता उपलब्ध कराकर सहायता देना ।

उपर्युक्त क्रियाकलापों के अतिरिक्त, भारत के महासर्वेक्षक निम्नलिखित विशेषज्ञ ग्रुपों/समितियों से संबद्ध हैं:–

(क) यूनाइटेड नेशन्स रीजनल कार्टोग्राफिक कांग्रेस (यू०एन०आर०सी०सी०) के तत्वावधान में एशिया और पैसेफिक (पी०सी०जी०आई०पी०) के लिए जी.आई.एस. इन्फ्रास्ट्रैक्चर के कार्यकारी बोर्ड की स्थायी समिति के सदस्य ।

(ख) योजना आयोग द्वारा गठित नेशनल नेचुरल रिसोर्सिस मैनेजमेंट सिस्टम (एन०एन०आर०एस०) प्रोग्राम के अन्तर्गत 'मानचित्रकला और मानचित्रण की स्थायी समिति' के अध्यक्ष ।

(ग) भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण की प्रबंधन समिति के सदस्य ।

(घ) वाडिया हिमालय भू–विज्ञान संस्थान के शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) के सदस्य ।

(ड़) भारत के महासर्वेक्षक सभी प्रकार के सर्वेक्षण और मानचित्रकला से संबंधित मामलों पर भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं । भारतीय सर्वेक्षण विभाग, सर्वेक्षण की विशिष्टताओं पर भी परामर्श देता है और केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों को विकास, योजना और रक्षा प्रयोजनों के लिए आवश्यक डाटा और मानचित्र उपलब्ध कराता है ।

3. राष्ट्रीय मानचित्रण नीति : 2005:

प्रस्तावना

सभी सामाजिक–आर्थिक विकास कार्यकलाप, प्राकृतिक संसाधनों का सरंक्षण, आपदा से बचाव की तैयारी की योजना और आधारिक संरचना के विकास के लिए उच्च गुणवत्ता के स्थानिक आंकड़ों की आवश्यकता होती है । अंकीय प्रौद्योगिकियों में हुई प्रगति ने विविध स्थानिक आंकड़ा आधारों का उपयोग एकीकृत रूप में करना अब संभव कर दिया है । सम्पूर्ण देश व स्थलाकृतिक मानचित्र डाटा आधार, जो कि सभी स्थानिक आंकड़ा की नींव हैं, को बनाने, इसके रख–रखाव और प्रसार का उत्तरदायित्व भारतीय सर्वेक्षण विभाग का है । हाल ही में भारतीय सर्वेक्षण विभाग को राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डाले बिना उपयोगकर्ता समूह की स्थानिक आंकड़ा तक पहुंच उदार बनाने के लिए अग्रणी भूमिका सौंपी गई है। इस भूमिका के निर्वहन में मानचित्रों और स्थानिक आंकड़ा के प्रसार की नीति स्पष्ट होनी चाहिए ।

उद्देश्य

राष्ट्रीय मानकों के अनुरुप भारतीय सर्वेक्षण विभाग के राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन0टी0डी0बी0) का रखरखाव और उस तक पहुंच की अनुमति देना और उपलब्ध कराने का प्रबन्ध करना।

समाज के सभी वर्गों द्वारा भागीदारी और अन्य साधनों के माध्यम से भू–स्थानिक जानकारी और समझ के उपयोग का संवर्धन और ज्ञान आधारित समाज के लिए कार्य करना ।

मानचित्रों की दोहरी सीरीज

यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस नीति की प्रगति में राष्ट्रीय सुरक्षा के उद्देश्य पूर्णतः अभिरक्षित हैं, यह निर्णय लिया गया है कि मानचित्रों की दो सीरीज होंगी अर्थात्:–

(क) रक्षा सीरीज मानचित्र (डी0एस0एम0)

ये विभिन्न पैमानों पर परिशुद्धता को कम किए बिना ऊंचाई, समोच्च रेखएं और पूर्ण अन्तर्वस्तु सहित स्थलाकृतिक मानचित्र (एवरेस्ट/डब्ल्यू जी0एस0–84 आधार और बहुशंकुक (पोलिकोनिक)/यू0टी0एम0 प्रेक्षप पर) होंगे । ये मानचित्र मुख्यतः रक्षा सेनाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे ।

सम्पूर्ण देश के लिए मानचित्रों की यह सीरीज (एनालॉग तथा अंकीय आकार में) उपयुक्त रुप से वर्गीकृत किए जाएंगे और इनके उपयेाग के संबंध में रक्षा मंत्रालय द्वारा दिशा–निर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(ख) ओपन सीरीज मानचित्र (ओ0एस0एम0)

ओपन सीरीज मानचित्र मुख्यतः देश में विकास कार्यकलापों में सहायता देने के लिए पूर्णतः भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रकाशित किए जाएंगे । ओपन सीरीज मानचित्रों का मानचित्र शीट संख्यांकन अलग होगा और ये डब्ल्यू जी0एस0–84 आधार पर यू0टी0एम0 प्रेक्षप में होंगे । ओपन सीरीज मानचित्रों के प्रत्येक मानचित्र (हार्ड कॉपी और अंकीय आकार दोनों में) रक्षा मंत्रालय से एक बार निर्बाधन (क्लियरेंस) प्राप्त करने के बाद 'अप्रतिबंधित' हो जाएंगे । ओपन सीरीज मानचित्रों की अन्तर्वस्तु अनुबंध 'ख' में दिए गए अनुसार होगी । भारतीय सर्वेक्षण विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि ओपन सीरीज मानचित्रों में कोई असैनिक और सैन्य सुभेद्य (VA's) और सुभेद्य महत्वपूर्ण बिन्दु (VP'S) नहीं दर्शाए गए हैं। भारतीय सर्वेक्षण विभाग समय–सय पर ओपन सीरीज मानचित्रों के सभी पहलुओं के संबंध में जैसे–उपयोगकर्ता ऐजेंसियों द्वारा इन तक पहुंच के लिए प्रक्रिया, इनका आगे प्रसार/उपयोगकर्ता एजेंसियों द्वारा उपयोगिता बढ़ाकर अथवा बिना उपयोगिता बढाए ओपन सीरीज मानचित्रों की हिस्सेदारी और डाटा और अन्य आनुषंगिक मामलों में भारतीय सर्वेक्षण विभाग के व्यवसाय और वाणिज्यिक रुचि का संरक्षण करते हुए उपाय के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी करेगा । उपयोगकर्ताओं को हार्डकॉपी और वेब पर जी0आई0एस0 डाटा बेस सहित अथवा इसके बिना मानचत्रि प्रकाशित करने की अनुमति होगी ।

तथापि, यदि मानचित्र पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा दर्शाई गई है, तो भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्रमाणीकरण आवश्यक होगा । इसके अतिरिक्त, भारतीय सर्वेक्षण विभाग वर्तमान में शहर के मानचित्र तैयार कर रहा है । ये शहर मानचित्र बृहत पैमाने पर डब्ल्यू0जी0एस0–84 आधार पर और सार्वजनिक क्षेत्र में होंगे । ऐसे मानचित्रों की अन्तर्वस्तु रक्षा मंत्रालय से परामर्श करके भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन0टी0डी0बी0)

भारतीय सर्वेक्षण विभाग निम्नलिखित डाटा सेटों सहित एनालॉग और अंकीय आकार में राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डाटा आधार (एन0टी0डी0बी0) का सृजन, विकास और रख–रखाव करता रहेगा :–

(क) राष्ट्रीय स्थानिक संदर्भ ढांचा

(ख) राष्ट्रीय अंकीय उच्चता मॉडल

(ग) राष्ट्रीय स्थलाकृतिक टेम्पलेट

(घ) प्रशासनिक सीमाएं और

(ड.) टोपोनिमि (स्थान नाम)

रक्षा सीरीज मानचित्र और ओपन सीरीज मानचित्र एन0टी0डी0बी0 से तैयार किए जाएंगे ।

मानचित्र प्रसार और उपयोग

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ब्रिक्री द्वारा अथवा किसी भी ऐजेंसी के साथ करार द्वारा विशिष्ट लक्ष्य के उपयोग के लिए 1:1 मिलियन से बड़े पैमाने की ओपन सीरीज के मानचित्रों का ऐनालॉग अथवा अंकीय कार्य में प्रसार कर सकता है । इस कार्रवाई को प्राप्त करने वाली एजेंसी और अन्तिम उपयोग के प्रयोजन आदि के ब्यौरे सहित रजिस्ट्रेशन डाटा बेस में पंजीकृत किया जाएगा ।

नेशनल डाटा शेयरिंग एक्सेसिबल पॉलिसी एन0डी0एस0ए0पी – 2012

प्रस्तावना

संपत्तियों और डाटा की महत्वपूर्ण क्षमता को हर स्तर पर विस्तृत पहचान मिलती है । लोक निवेश द्वारा एकत्रित या तैयार किए गए डाटा की क्षमता को यदि आम जनता के लिए उपलब्ध कराया जाए तथा समय–समय पर उसका रख–रखाव किया जाए तो इसे और अधिक व्यावहारिक बनाया जा सकता है । राष्ट्रीय परिचर्चा, अच्छा निर्णय लेने तथा समाज की जरूरतों को पूरा करने हेतु लोक संसाधनों द्वारा संकलित डाटा को आसानी से उपलब्ध कराने की मांग समाज द्वारा बढ़ती जा रही है।

देश में विभिन्न संगठनों/संस्थानों द्वारा लोक निवेश के माध्यम से संकलित डाटा का अधिकांश भाग सिविल सोसाइटी की पहुँच से परे है जबकि इस प्रकार के डाटा का अधिकांश भाग संवेदनशील नहीं है और आम जनता को वैज्ञानिक, आर्थिक तथा विकासात्मक उद्देश्यों हेतु दिया जा सकता है। एन0डी0एस0ए0पी0 पॉलिसी को इस प्रकार तैयार किया गया है ताकि भारत सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा लोक फंड के माध्यम से उत्पादित साझा करने योग्य असंवेदनशील डाटा डिजिटल या एनॉलाग रूप में आम जनता को उपलब्ध कराया जा सके । राष्ट्रीय योजना एवं विकास कार्यों के लिए भारत सरकार के स्वामित्व वाले डाटा पर पहुंच बनाने तथा उसे साझा करने की प्रक्रिया को विकसित करने के लिए एन0डी0एस0ए0पी0 पॉलिसी तैयार की गई है ।

उद्देश्य

इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत सरकार के स्वामित्व वाले मनुष्य तथा मशीन द्वारा पठनीय साझा करने योग्य डाटा और सूचना को अतिसक्रिय तथा समय–समय पर आद्यातित नेटवर्क के माध्यम से तथा विभिन्न संबंधित पॉलिसियों के अंतर्गत आम जनता की पहुंच को आसान बनाना है ।

5. नागरिक घोषणापत्रः

भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन भारतीय सर्वेक्षण विभाग एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन है तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग को राष्ट्रीय सुरक्षा को जोखिम में डाले बिना उपयोगकर्ता समूह की स्थानिक आंकड़ा तक पहुँच उदार बनाने के लिए अग्रणी भूमिका सौंपी गई है। संपूर्ण देश के स्थलाकृतिक मानचित्र डाटा आधार, जो कि सभी स्थानिक डाटा की नींव हैं, को बनाने, इसके रख–रखाव और प्रसार का उत्तरदायित्व भारतीय सर्वेक्षण विभाग का है । अतः अपनी सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने नागरिक घोषणापत्र प्रतिपादित करने का निर्णय लिया है।

यह घोषणापत्र पब्लिक, सरकारी, निजी संगठनों और अन्य स्टेकहोल्डरों के लाभ के लिए राष्ट्रीय मानचित्रण नीति के प्रतिपादन और कार्यान्वयन में विशिष्टता प्राप्त करने के संबंध में हमारे दृष्टिकोण, मूल्यों और मानकों का घोषणापत्र है । यह नागरिक घोषणापत्र हमारी दक्षता निर्धारित करने का निर्देशचिह्न भी है तथा यह एक सक्रिय दस्तावेज हो सकता है जिसे 5 वर्ष में कम से कम एक बार पुनरीक्षित किया जा सके।

हमारी कार्यनीति

अपने मिशन को प्राप्त करने के लिए हमारी कार्यनीति में निम्नलिखित कार्य शामिल हैः–

•उत्पाद / डाटा का स्तर निर्धारण ।

•सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ावा देना ।

•सेवा उपलब्ध्ता स्तर की अनुरूपता या मापन करना ।

•अन्य सरकारी और प्राइवेट एजेंसियों के साथ सहयोगात्मक पहल करना ।

हमारे ग्राहक :

सेना/सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और अनुसंधान नौवहन, पर्यटन, आपदा प्रबंधन, इंजीनियरिंग और उत्पादन, पर्यावरण, खनन, वेधन, विकास, कृषि, मत्स्य जनोपयोगी सेवाओं आदि क्षेत्रों से जुड़े सरकारी और निजी संगठनों के साथ–साथ प्राइवेट व्यक्ति हैं ।

हमारी संभावनाएं :

हम नागरिकों से अपेक्षा करते हैं कि वे

•भू–स्थानिक डाटा प्रसार संचालित करने वाले नियमों और विनियमों को प्रोत्साहित कर आदर करेंगे।

•अपने कार्यों और विधिक दायित्वों को समय पर पूरा करेंगे ।

•सूचना प्रस्तुत करने में ईमानदारी बरतेंगे ।

•पूछताछ और सत्याापन में सहयोगी और स्पष्टवादी बनेंगे ।

•अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचेंगे ।

इससे हमें प्रभावी और कार्यकुशल तरीके से राष्ट्र की सेवा करने में मदद मिलेगी ।

हमारी वचनबद्धता :

हम प्रयास करते हैं कि हम–

•अपने देश की सेवा में लगे रहेंगे ।

•राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कार्य करना सुनिश्चित करेंगे ।

•अपनी प्रक्रियाओं और कार्य संपादन को जहां तक संभव हो पारदर्शी बनाएंगे ।

•अपने कार्यों को कार्यान्वित करेंगे –

- •सत्यनिष्ठा और विवेकसम्मत से
- •निष्पक्षता और औचित्य से
- •शिष्टाचार और समझदारी से
- •वस्तुनिष्ठता और पारदर्शिता से
- •शीघ्रता और दक्षता से

6. अंतराष्ट्रीय सीमांए :

i) सम्मेलन/बैठक

(1) भारत–म्यांमार सीमा

श्री रविन्द्र कुमार, अधीक्षक सर्वेक्षक ने 17.11.2014 से 18.011.2014 तक यांगून, म्यांमार में भारत–म्यांमार के बीच हुई 19वीं राष्ट्रीय स्तर की बैठक में भाग लिया ।

श्री यू॰एस॰ प्रसाद, अधीक्षक सर्वेक्षक, अंतर्राष्ट्रीय सीमा निदेशालय (म॰स॰का॰) ने दिनांक 04.03.2015 को विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली में भारत और म्यांमार के सर्वेक्षण विभाग के प्रमुखों की बैठक की तैयारी के लिए अंतः अनुसचिवीय बैठक में भाग लिया ।

(2) भारत–बंग्लादेश सीमा

इस अवधि के दौरान कोई भी क्रियाकलाप नहीं किए गए ।

(3) भारत–पाकिस्तान सीमा

श्री प्रदीप सिंह, उप अधीक्षक सर्वेक्षक, हरियाणा और चंडीगढ़ भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र ने 10.09.2014 को जे0सी0पी॰ अटारी में भारत–पाक सीमा के साथ संयुक्त पुनरस्थापन कार्य की प्रगति के संबंध में विचार विमर्श/समीक्षा करने के संबंध में संयुक्त स्टाफ अधिकारियों/इंजीनियरों /सर्वेक्षकों की बैठक में भाग लिया ।

श्री नीरज कुमार, अधीक्षक सर्वेक्षक, राजस्थान भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र ने 16.06.0014 को बी॰पी॰ सं॰814/एम (पाक की ओर) में आयोजित बैठक में भाग लिया ।

(4) भारत –नेपाल सीमा

भारत–नेपाल सीमा कार्य दल (बी डब्ल्यू जी) की प्रथम बैठक दिनांक 17.09.2014 से 19.09.2014 तक काठमांडू (नेपाल) में आयोजित की गई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ॰ स्वर्ण सुब्बा राव, भारत के महासर्वेक्षक तथा नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री नागेन्द्र झा, नेपाल सरकार के सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक द्वारा किया गया ।

डॉ0 स्वर्ण सुब्बा राव, भारत के महासर्वेक्षक नेपाली प्रतिनिधि मंडल के साथ

श्री चंद्रपाल, निदेशक, अंतराष्ट्रीय सीमा निदेशलय (म॰स॰का॰) ने दिनांक 30.12.2014 से 31.12.2014 तक देहरादून में आयोजित भारत–नेपाल सर्वेक्षण पदाधिकारी समिति की प्रथम बैठक में भाग लिया ।

(5) भारत–भूटान सीमा

श्री चंद्रपाल, निदेशक, अंतराष्ट्रीय सीमा निदेशालय, म॰स॰का॰ ने 20.06.2016 को नई दिल्ली में भारत–भूटान सीमा प्रबंधन और सुरक्षा पर आयोजि सचिव स्तरीय बैठक में भाग लिया ।

(ii) सीमा सर्वेक्षण

भारतीय सर्वेक्षण विभाग को भारतीय गणराज्य की बाहरी सीमाओं के सीमांकन, देश में प्रकाशित मानचित्रों पर उनका अंकन तथा अंतर–राज्यीय सीमाओं के सीमांकन में परामर्श देने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

भारत–पाक, भारत–भूटान, भारत–म्यांमार और भारत–बांग्लादेश के बीच सीमा स्तंभों/सीमा सीमांकन सर्वेक्षण के संयुक्त निरीक्षण के लिए फील्ड कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है ।

7. भारतीय सर्वेक्षण विभाग में तकनीकी कार्यकलाप :

7.1 स्थलाकृतिक सर्वेक्षण और मानचित्रण की स्थिति :

विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक सर्वेक्षण और मानचित्रण का विवरण निम्नवत् है :–

(1) नियंत्रण सर्वेक्षण

क्रम सं॰	कार्यकलाप	क्षेत्रफल (वर्ग कि॰मी॰) दूरी (रेखीय कि॰मी॰)
1	टोपो त्रिभुजन	निल
2	मालारेखण	92.8 रेखीय कि॰मी॰
3	तलेक्षण	3931.4 रेखीय कि॰मी॰
4	हवाई त्रिभुजन	निल

(2) सत्यापन सर्वेक्षण

पैमाना	शीटों की कुल संख्या	सत्यापित शीटें		अब तक सत्यापित कुल शीटें
		31 मार्च 2014 तक	2014.15 के दौरान	
1:50,000	5060	4909	14	4923
1:25,000	19,393	781	17	798

(3) विभागातिरिक्त प्रकाशनों का सीमा सत्यापन

सीमा सत्यापन विंग द्वारा प्राइवेट/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के प्रकाशनों की संवीक्षा और सत्यापन कार्य निम्नलिखित विवरणानुसार किया गया :–

क्रम सं0	कार्य का नाम	मानचित्रों की संख्या
1.	संवीक्षा	2284
2.	प्रमाणीकरण	2500
3.	सीमा विवरण/सत्यापन	46

7.2 हवाई फोटोग्राफी :

वर्ष के दौरान देश के विभिन्न भागों में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा पूरी की गई तथा पुनरीक्षित हवाई फोटोग्राफी निम्नवत् हैः–

क्रम सं॰	पैमाना	आच्छादित क्षेत्रफल (वर्ग कि॰मी॰)
1.	1:8,000	7025
2.	1:10,000	5149
3.	1:15,000	32022
4.	1:20,000	2600
5.	1:40,000	6040
	कुल	52,836 वर्ग कि॰मी॰

7.3 **अंकीय मानचित्रकला**

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र, देहरादून, भौगोलिक सूचना पद्धति एवं सुदूर संवेदन निदेशालय, हैदराबाद, जी.आई.एस. टेक्नोलॉजी सेंटर, महासर्वेक्षक का कार्यालय (म.स.का.), देहरादून और विभिन्न भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों के अधीन अंकीय सैलों के क्रियाकलापों का विवरण निम्नवत् है :–

अंकीय मानचित्रीय डाटा बेस (डी.सी.डी.बी.) का अंकीकरण और सृजन

(1) विभागीय

1:250,000 पैमाने पर शीटों के मानचित्रीय डाटा बेस का अंकीकरण और सृजन का कार्य पूरा हो चुका हैं और इन शीटों के अद्यतनीकरण का कार्य प्रगति पर है ।

1:50,000 पैमाने पर ओ.एस.एम./डी.एस.एम. शीटों के मानचित्रीय डाटा बेस के अंकीकरण और सृजन का कार्य निम्नवत् पूरा हो चुका है :–

ओ॰एस॰एम॰ शीटों की प्रगति						
कुल शीटें	पूर्ण की गई डी॰टी॰डी॰ बी॰	पूर्ण की गई डी॰ सी॰ डी॰ बी॰	मुद्रण के लिए (शीटें)			
			अंग्रेजी रूपांतर		हिंदी रूपांतर	
			मुद्रण के लिए प्रस्तुत की गई	मुद्रित की गई	मुद्रण के लिए प्रस्तुत की गई	मुद्रित की गई
5060	4792	4616	4470	1602	410	16

डी॰एस॰एम॰ शीटों की प्रगति				
कुल शीटें	पूर्ण की गई डी॰टी॰डी॰बी॰	पूर्ण की गई डी॰ सी॰ डी॰ बी॰	मुद्रण के लिए (शीटें)	
			मुद्रण के लिए प्रस्तुत की गई	मुद्रित की गई
5060	4841	4820	3589	256

स्थलाकृतिक शीटों के अंकीयकरण की प्रगति		
क्रम सं॰	पैमाना	शीटों की संख्या
1.	1:25,000	9348

(2) विभागातिरिक्त

संगठनों/विभागों के लिए .dgn फाइलों को .shp फाइलों में परिवर्तित किया गया ।

(i) हिमाचल प्रदेश वन विभागीय परियोजना

(ii)केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो

(iii) भू अभिलेख और बंदोबस्त विभाग, ग्वालियर

(iv)रेल विकास निगम लिमिटेड परियोजना, नई दिल्ली

(v)भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली

(vi)भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, नोएडा

7.4 ज्योडीय और भू–भौतिकीय

(1) ज्योडीय नियंत्रण

विभाग द्वारा विभिन्न संरचनाओं के संरेखण को नियत करने, बांध विरूपण अध्ययन, भूपर्पटी संचलन अध्ययन तथा राष्ट्रीय विरासत के स्मारकों आदि के स्थायित्व के अनुवीक्षण के लिए क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर नियंत्रण उपलब्ध कराने हेतु निम्नलिखित कार्य किए गए :–

i)	जी॰सी॰पी॰ लाइब्रेरी के लिए जी॰पी॰एस॰ प्रेक्षण	71 स्टेशन
ii)	त्रिकोणीयन	15 स्टेशन
iii)	भारतीय उधर्वाधर डेटम की पुनरव्याख्या के लिए उच्च परिशुद्ध तलेक्षण	402 रेखीय कि0मी॰ (आगे और पीछे)
iv)	परियोजना सर्वेक्षण के लिए परिशुद्ध तलेक्षण	411.57 रेखीय कि॰मी॰
v)	ई॰डी॰एम॰ दूरी	165.61 कि॰मी॰
vi)	परियोजनाओं के लिए कोणीय प्रेक्षण	345 स्टेशन
vii)	परियोजना सर्वेक्षणों के लिए बेसों की संख्या	250 बेस
viii)	परियोजनाओं के लिए जी॰पी॰एस॰ प्रेक्षण	110 स्टेशन
x)	गुरूत्व प्रेक्षण	235 स्टेशन

(2) गुरूत्व

उत्तराखण्ड में एच॰पी॰ लेवलिंग रेखा के पास 209 स्टेशनों पर गुरूत्व प्रेक्षण के लिए एक आटोमेटेड ग्रेवीमीटर (सी॰जी॰–5) का प्रयोग किया गया ।

(3) भू–चुंबकीय

तीन भू–चुंबकीय घटकों यथा – क्षैतिज बल (एच॰एफ॰), ऊर्ध्वाधर बल (वी॰एफ॰), दिक्पात (डी) के विचरण की आटोमेटिक रिकोर्डिंग तथा उनका परिशुद्ध मापन पूरे वर्ष के दौरान किया गया । वैरियोग्राफों के आधार रेखा मान के नियंत्रण के लिए DIM और ENVI-Mag से परिशुद्ध मापन किया गया । अन्य सरकारी विभागों को भी वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए डाटा उपलब्ध करवाया गया ।

दक्षिण और पश्चिम भारत में क्षैतिज बल (एच॰एफ॰), ऊर्ध्वाधर बल (वी॰एफ॰), दिक्पात (डी) उपलब्ध कराने के लिए 50 स्टेशनों पर भू–चुंबकीय प्रेक्षण किए गए ।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान हैदराबाद और बंगलूरु में जिओड मॉडल के लिए 17 स्टेशनों के खगोलीय प्रेक्षण का कार्य पूरा किया गया ।

(4) ज्वारीय क्रियाकलाप

भारतीय सर्वेक्षण विभाग भारतीय तट और द्वीप समूहों के साथ स्थापित ज्वारीय वेधशालाओं की सीरीज का रखरखाव करता है। ज्वारीय प्रागुक्तियों के लिए नियमित आधार पर ज्वारीय प्रेक्षण किए जाते हैं। ज्वारीय वेधशालाओं में स्थापित ज्वारभाटा गेजों से उत्पन्न ज्वारीय डाटा गुणवत्ता नियंत्रित है तथा इसका प्रयोग हार्मोनिक घटकों के उन्नयन के लिए किया जाता है। ये आंकड़े ज्वारीय प्रागुक्तियों के लिए प्रयोग किए जाते हैं जो भारतीय ज्वारीय सारणी के रूप में प्रकाशित किए जाते हैं ।

26 दिसंबर, 2004 की सुनामी के बाद भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने भारतीय ज्वार भाटा गेज नेटवर्क के आधुनिकीकरण और विस्तार'' परियोजना के अंतर्गत सुनामी पूर्व चेतावनी सिस्टम स्थापित करने में अत्यधिक योगदान दिया और वी–सेट नेटवर्क द्वारा रियल टाइम डाटा ट्रांसमिशन सुविधाओं के साथ सह–स्थापित नवोन्नत अंकीय ज्वार भाटा गेज और द्वि आवर्ती जी॰पी॰एस॰ रिसीवरों की सभी ज्वारीय प्रयोगशालाओं को भारत के पूर्वी तथा पश्चिमी तट के साथ स्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

सुनामी आने के किसी संकेत अथवा भूविवर्तनिक और भूपर्पटी संचलन से संबंधित किसी आसन्न आपदा का पता लगान के लिए राष्ट्रीय ज्वारीय डाटा केन्द्र / राष्ट्रीय जी0पी0एस0 डाटा केन्द्र पर विभाग के वी सेट नेटवर्क द्वारा रियल टाइम में प्राप्त ज्वारीय और जी0पी0एस0 डाटा को संसाधित किया जाता है ।

7.5 प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति :

(1) राष्ट्रीय शहरी सूचना पद्धति (एन॰यू॰आई॰एस॰) परियोजना :

शहरी विकास मंत्रालय की राष्ट्रीय शहरी सूचना पद्धति (एन॰यू॰आई॰एस॰) के अंतर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने 152 शहरों के 1:2000 पैमाने पर मुख्य क्षेत्र (कोर एरिया) और 1:10,000 पैमाने पर परिधीय क्षेत्र के मानचित्रण का कार्य शुरू किया है । इस परियोजना में निम्नलिखित भू–स्थानिक आंकडा केन्द्रों को शामिल किया गया है – आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, मणिपुर और मिजोरम, राजस्थान और पश्चिम बंगाल और सिक्किम भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र ।

(i) 1:10,000 पैमाना सर्वेक्षण

सभी 152 शहरों की भू संदर्भित सैटेलाइट इमेजरी और थिमैटिक मानचित्रण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 152 शहरों का डाटा गुण संग्रहण के लिए राज्य नोडल एजेंसी को भेजा गया है जिसमें से 100 शहरों का कार्य पूरा कर लिया गया है । 89 शहरों का अंतिम कार्य राज्य नोडल एजेंसी को भेजा गया है ।

(ii) 1:2,000 पैमाना सर्वेक्षण

सभी 152 शहरों का भू नियंत्रण तथा 2डी लक्षण निष्कर्षण कार्य पूरा हो चुका है । 152 शहरों से संबंधित डाटा गुण संग्रहण के लिए राज्य नोडल एजेंसी को सौंपा गया है । 144 शहरों के डाटा गुण संग्रहण का कार्य पूरा हो चुका है

(2) हैजर्ड लाइन का मानचित्रण और निरूपण

बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और त्वरित विकासात्मक क्रियाकलापों के कारण हाल के वर्षों में तटीय पर्यावरण को अति महत्व दिया जा रहा है । पर्यावरण और वन मंत्रालय (एफ ओ ई एफ) ने ''इंटीग्रेटेड कोस्टल जोन मैनेजमेंट (आई॰सी॰जेड॰एम॰) नामक परियोजना'' आरम्भ की है । परियोजना से भारत की आर्थिक संरचना जैसे – समुद्रतटीय सुविधाएं, पेट्रोलियम उद्योग, रिन्यूएबल ऊर्जा संसाधन, आयात आधारित उद्योग तथा तटरेखा के साथ अब स्थित समुदाय तथा उनकी संपत्ति की सुरक्षा में वृद्धि होगी । भारतीय सर्वेक्षण विभाग को तटरेखा से 7 कि0मी0 विस्तार तक मुख्य भूमि की ओर भारत के सम्पूर्ण तट की भूमि के लिए हैजर्ड लाइन की रुपरेखा बनाकर 1:10,000 पैमाने पर आधार मानचित्र के रू॰ में 0.5 मीटर ऊॅचाई समाच्च रेखा मानचित्र तैयार कर रहा है ।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने इंटीग्रेटेड कोस्टल जोन मैनेजमैंट (आई0सी॰जेड॰एम॰) परियोजना के भाग के रूप में 100 वर्षों की अवधि के उच्चतम ज्वारभाटा लेवल स्तर के निर्धारण में विशाल कार्य कर अपना योगदान दिया है । नियंत्रण कार्य (जी॰पी॰एस॰ प्रेक्षण और लेवलिंग) हवाई फोटोग्राफी और ज्वारीय प्रेक्षणों के सघनीकरण के लिए उनके विश्लेषण के सहित 32 दिनों का ज्वारीय प्रेक्षणों का कार्य कार्यान्वित किया गया तथा पूरा कर लिया गया । समेकित रिपोर्ट परियोजना निदेशक, आई॰सी॰जेड॰एम॰ परियोजना और राष्ट्रीय परियोजना निदेशक, एस॰आई॰सी॰ओ॰एम॰, नई दिल्ली को प्रस्तुत की गई । इस परियोजना में निम्नलिखित भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों को शामिल किया गया है । आंध्र प्रदेश, गुजरात, दमन और दीव, कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीव, महाराष्ट्र एवं गोवा, तमिलनाडु और पांडिचेरी तथा पश्चिम बंगाल और सिक्किम भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र ।

(3) भारतीय उर्ध्वाधर डेटम की पुनरव्याख्या :–

''भारतीय उर्ध्वाधर डेटम की पुनर्व्याख्या'' पर पहले चरण की राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का कार्य पूरा हो चुका है और दूसरे चरण का कार्य अर्थात् लेवल नेट के सघनीकरण का कार्य किया जाना है। सघनीकरण की योजना का कार्य पूरा कर लिया गया है । जैसा कि सघनीकरण का कार्य विभिन्न भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र द्वारा उनके दायित्व क्षेत्र में शुरू किया जाएगा तथापि पुराना विद्यमान डाटा विभिन्न भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों को उनके दायित्व क्षेत्र के अनुसार सघनीकरण कार्य आरम्भ करने के लिए सौंपा गया है । रिपोर्टाधीन अवधि के माह के दौरान 49 रेखीय कि॰मी॰ (आगे) तथा 353 रेखीय कि॰मी॰ (पीछे) उच्च परिशुद्ध तलेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है । ''भारतीय उर्ध्वाधर डेटम की पुनर्व्याख्या'' परियोजना के अंतर्गत सम्पूर्ण लेवल नेट के भूविभव संख्याओं के समायोजन और परिकलन हेतु प्रत्येक तलेक्षण रेखा की गणना के लिए मानक त्रुटि, संभाव्य त्रुटि इत्यादि प्रेक्षित किया गया ।

4. आपदा प्रबंधन के लिए महासागर और द्वीपों के भारतीय ज्वार–भाटा गेज नेटवर्क का आधुनिकीकरण और विस्तारण ।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग संपूर्ण भारतीय तट और द्वीपों के साथ स्थापित ज्वारीय प्रयोगशालाओं की सीरीज का रख–रखाव करता है। ज्वारीय प्रागुक्तियों के लिए नियमित आधार पर ज्वारीय प्रेक्षण किया जा रहे हैं। सुनामी चेतावनी पद्धति और आपदा प्रबंधन के लिए ''भारतीय तट और द्वीपों के साथ ज्वार–भाटा गेज नेटवर्क के आधुनिकरण और विस्तारण'' के क्रियान्वयन का कार्य जारी है। स्टार नेटवर्क के अंतर्गत प्रस्तावित 36 पत्तनों में से 30 पत्तनों के आधुनिकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है । विभिन्न पत्तनों से राष्ट्रीय डाटा सेंटर (एन॰टीडी॰सी॰) देहरादून तथा साथ ही साथ भारतीय तटरेखा और द्वीप के साथ विभिन्न क्षेत्रों का वी॰सेट द्वारा रियल टाइम जी॰पी॰एस॰ और टाइडल डाटा ट्रांसमिशन का कार्य जारी है । सुदूर क्षेत्रों से प्राप्त ज्वारीय डाटा का विश्लेषण रियल टाइम में राष्ट्रीय ज्वारीय डाटा सेंटर, देहरादून में किया जा रहा है । इस डाटा को राष्ट्रीय सुनामी सूचना केन्द्र, आई॰एन॰सी॰ओ॰आई॰एस॰, हैदराबाद के साथ भी साझा किया जा रहा है ।

(5) जी.सी.पी. लाईब्रेरी

परियोजना में पूरे देश के लिए भू–केन्द्रिक निर्देशांक प्रणाली में परिशुद्ध और सुसंगत भू–नियंत्रण बिन्दु (जी. पी.एस.) लाईब्रेरी को स्थापित करने पर ध्यान दिया जा रहा है । परियोजना तीन चरणों में पूरी होगी, प्रथम चरण में 250 से 300 किलोमीटर तक के अन्तराल पर पूरे देश में प्रथम क्रम के 294 नियंत्रण बिन्दुओं (जीसीपी स्टेशन) के संस्थापन का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है ।

चरण– II में 2230 जी॰पी॰एस॰ स्टेशनों के लिए 25 से 30 किलोमीटर अंतराल पर प्रथम आर्डर नेटवर्क के सघनीकरण का कार्य अब तक पूरा हो चुका है । जी॰पी॰एस॰ लाइब्रेरी चरण–II के रूप में एकत्र जी0पी0एस॰ डाटा का प्रोसेसिंग कार्य प्रगति पर है ।

(6) कोयला खनन परियोजना

मैदानी क्षेत्र में अंकीय फोटोग्राममितीय तकनीक पर आधारित जीआईएस अंकीय प्रारूप (फोरमेट) में उच्च परिशुद्ध हवाई फोटोग्राफी और उचित भू–सत्यापन का प्रयोग करते हुए 2 मीटर मैदानी क्षेत्र में और 3–5 मीटर पहाड़ी क्षेत्र के मामले में समोच्च अन्तराल सहित 1:5,000 पैमाने पर मुख्य भारतीय कोयला क्षेत्रों के अद्यतन स्थलाकृतिक मानचित्र तैयार किए गए । इस परियोजना में छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं गोवा, मेघालय एवं अरुणाचल प्रदेश, ओडीसा और पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम भू–स्थानिक आंकड़ा केन्द्र शामिल हैं ।

प्रथम चरण के 10 प्रमुख भारतीय कोयला क्षेत्रों के आधुनिक स्थलाकृतिक मानचित्र बनाने का काम अन्तिम चरण में है और कुछ मानचित्रों की आपूर्ति मांगकर्ता को पहले ही की जा चुकी है। 17 भारतीय कोयला क्षेत्रों की हवाई फोटोग्राफी पूरी की जा चुकी है और द्वितीय नियंत्रण के लिए फील्ड कार्य प्रगति पर है ।

(7) उत्तराखण्ड में सामीप्य मानचित्र (एमएएनयू) परियोजना

एमएएनयू परियोजना में शामिल अन्य एजेसियों द्वारा वृहत् एवं सूक्ष्म (मैक्रो और माइक्रो) स्तर योजना और आपदा के पश्चात वैज्ञानिक अनुप्रयोग के लिए उत्तराखण्ड के आपदा प्रभावित क्षेत्र का 1:10K पैमाने पर डीईएम (डिजीटल एलीवेशन मॉडल) और मानचित्रण तैयार करना ।

परियोजना के अंतर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग एयर–बोर्न लिडार और हवाई फोटोग्राममितीय सर्वेक्षण की आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड में 8000 वर्ग किमी0 में फैले ''चार धाम और पिंडर घाटी क्षेत्र'' के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के मानचित्रण का कार्य कर रहा है।

(8) भारतीय वायु सेना के लिए विशेष सर्वेक्षण

भारतीय सर्वेक्षण विभाग भारतीय वायु सेना की आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के मानचित्र तैयार कर उनकी आपूर्ति करता है ।

वर्ष के दौरान भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने भारतीय वायुसेना के लिए निम्नलिखित मानचित्र और डाटा तैयार किए हैं :

(i) आईएएफ (ओजीएम) –20 शीटें, आईएएफ (पीजीएम)–31 शीटें आईएएफ–ओएलएम (नया संस्करण) – 01 शीट तथा लैंड अप्रोच चार्ट (एलएसी) 8 पार्ट्स।

(ii) 1:50K पैमाने पर भारतीय वायु सेना के लिए एआरपी से 30 एनएम के बाधा सूचक सर्वेक्षण (आबस्ट्रैक्शन सर्वे) सहित 17 लैंडिंग चार्टों का सत्यापन ।

(iii) एएमएसएल ऊंचाई, निर्देशांक और 3 साइट परियोजना की दूरी की आपूर्ति।

नियंत्रण बिन्दु उपलब्ध कराने के लिए अहमदाबाद हवाई अड्डे पर जीपीएस प्रेक्षण ।

7.6 विशेष सर्वेक्षण परियोजना

वर्ष 2014–2015 के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं पर सर्वेक्षण कार्य जारी रहा/किया गया :–

भारत में विशेष सर्वेक्षण परियोजनाएं		
क्रम सं.	**राज्य का नाम**	**विशेष सर्वेक्षण का नाम**
1.	आंध्र प्रदेश	इन्दिरा सागर पोलावरम परियोजना
2.	–तदैव–	भारत इलैक्ट्रानिक्स लिमिटेड, मछलीपट्टनम
3.	दिल्ली	भारतीय वायुसेना के लिए विशेष वैमानिक सर्वेक्षण, ग्वालियर स्टेशन
4.	–तदैव–	कुतुब मीनार
5.	मणिपुर	लोकतक डाउन स्ट्रीम जल विद्युत परियोजना
6.	ओडिसा	हीराकुड बांध परियोजना
7.	पंजाब	भारत–पाक सीमा कार्य
8.	–तदैव–	हरियाणा उत्तर प्रदेश सीमा सर्वेक्षण
9.	–तदैव–	गंगुवाल चण्डीगढ़ तलेक्षण परियोजना
10	राजस्थान	राजस्थान पुलिस स्टेशन परियोजना
11	उत्तर प्रदेश	रिहन्द बांध परियोजना
12	उत्तराखण्ड	डिजायर जल विद्युत परियोजना
13	–तदैव–	लखवाड़ व्यासी जल विद्युत परियोजना
14	–तदैव–	विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना
15	पश्चिम बंगाल	बंदु (पुरुलिया) पंप भंडारण परियोजना
भारत से बाहर विशेष सर्वेक्षण परियोजना		
	भूटान	पुनातसांगचू जल विद्युत परियोजना

भूटान में पुनात सांगचू जल विद्युत परियोजना पर सुरंग संरेखण ।

8. मुद्रण की रिपोर्ट

रिपोर्टाधीन अवधि में निम्नलिखित मानचित्र/विशेष उत्पाद मुद्रित किए गए :–

मानचित्रों के मुद्रण की स्थिति		
क्रम सं.	**जॉब का नाम**	**मानचित्रों की संख्या**
1.	1:50,000 (अंतिम एवं पुर्नमुद्रित)	128
